दिनांक ६ फरवरी, २०१९ को सायंकाल ५.०० बजे आयोजित विद्वत्परिषद् की ग्यारहवीं बैठक का कार्यवृत्त।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली की विद्वत्परिषद् की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 6 फरवरी, 2019 को सायंकाल 5.00 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

| | |
|---|---|
| 1. प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय | अध्यक्ष |
| 2. प्रो. रमाकान्त पाण्डेय | बाह्य सदस्य |
| 3. प्रो. राम नाथ झा | बाह्य सदस्य |
| 4. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा | सदस्य |
| 5. प्रो. हरेराम त्रिपाठी | सदस्य |
| 6. प्रो. जय कुमार एन. उपाध्ये | सदस्य |
| 7. प्रो. केदार प्रसाद परोहा | सदस्य |
| 8. प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य |
| 9. प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी | सदस्य |
| 10. प्रो. भागीरथि नन्द | सदस्य |
| 11. प्रो. विनोद कुमार शर्मा | सदस्य |
| 12. प्रो. संगीता खन्ना | सदस्या |
| 13. प्रो. सविता | सदस्या |
| 14. प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल | सदस्य |
| 15. प्रो. राम राज उपाध्याय | सदस्य |
| 16. प्रो. अनेकान्त जैन | सदस्य |
| 17. प्रो. विष्णुपद महापात्र | सदस्य |
| 18. प्रो. के. अनन्ता | सदस्य |
| 19. प्रो. यशवीर सिंह | सदस्य |
| 20. प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा | सदस्य |
| 21. डॉ. शिवशंकर मिश्र | सदस्य |
| 22. डॉ. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य |
| 23. प्रो. हरिहर त्रिवेदी | सदस्य |
| 24. प्रो. शुकदेव भोई | सदस्य |
| 25. प्रो. रमेश प्रसाद पाठक | सदस्य |
| 26. प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी | सदस्य |
| 27. प्रो. बिहारी लाल शर्मा | सदस्य |
| 28. प्रो. वृन्दावन दाश | सदस्य |
| 29. प्रो. रजनी जोशी चौधरी | सदस्या |
| 30. प्रो. सुजाता त्रिपाठी | सदस्या |
| 31. प्रो. कुसुम यदुलाल | सदस्या |
| 32. प्रो. विमलेश शर्मा | सदस्या |

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

33. प्रो. मीनाक्षी मिश्रा — सदस्या
34. प्रो. एम. जयकृष्णन — सदस्य
35. प्रो. प्रभाकर प्रसाद — सदस्य
36. प्रो. कल्पना जैन — सदस्या
37. प्रो. जगदेव शर्मा — सदस्य
38. प्रो. महानन्द झा — सदस्य
39. प्रो. सुधांशुभूषण पण्डा — सदस्य
41. डॉ. सदन सिंह — सदस्य
42. डॉ. मीनू कश्यप — सदस्या
43. डॉ. सुशील कुमार — सदस्य
44. डॉ. ए.एस. आरावमुदन — सदस्य
45. डॉ. दयाल सिंह — सदस्य
46. डॉ. अलका राय — सचिव

निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हुए :-

1. प्रो. शिव वरण शुक्ला, — बाह्य सदस्य
2. डॉ. शाहु अखिलेश जैन — बाह्य सदस्य
3. डॉ. सुभाष चन्द्रा — बाह्य सदस्य
4. श्री अनिल कुमार गुप्ता — बाह्य सदस्य
5. प्रो. के. भारत भूषण — सदस्य
6. प्रो. नागेन्द्र झा — सदस्य
7. प्रो. कमला भारद्वाज — सदस्या
8. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा — सदस्य
9. प्रो. इच्छाराम द्विवेदी — सदस्य
10. प्रो. वीर सागर जैन — सदस्य
11. प्रों. नीलम ठगेला — सदस्या
12. प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा — सदस्य
13. प्रो. परमानन्द भारद्वाज — सदस्य
14. प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज — सदस्या

प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा के मंगलाचरण के साथ ही बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। कुलपति महोदय द्वारा विद्वत्परिषद् के नए सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2018-19 के प्रथम सत्र की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु समस्त सदस्यों को बधाई दी गई। डॉ. अलका राय, कुलसचिव (प्रभारी) महोदया ने विद्वत्परिषद् की ग्यारहवीं बैठक के लिए निर्धारित कार्यसूची के प्रत्येक मद को प्रस्तुत किया। गहन विचार-विमर्श के अनन्तर सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गये:-

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

२१८

**संकल्प संख्या ११.१ विद्वत्परिषद् की दिनांक १२ सितम्बर, २०१८ को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।** २०८

विद्वत्परिषद् की दिनांक 12 सितम्बर, 2018 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

**संकल्प संख्या ११.२ विद्वत्परिषद की दिनांक १२ सितम्बर, २०१८ को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रतिवेदन।** २०८

विद्वत्परिषद की दिनांक 12 सितम्बर, 2018 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि यदि किसी विभाग द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्यवृत्त पर अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण रूप से सम्पन्न नहीं की गई हैं वे शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट शैक्षणिक विभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संकल्प संख्या ११.३ समय-समय पर आयोजित संकाय प्रमुखों एवं अन्य शैक्षणिक समितियों की बैठकों की कार्यवाही की पुष्टि ।** २०८

शैक्षणिक सत्र 2018-19 में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालन हेतु संकाय-प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की समय-समय पर सम्पन्न बैठकों में लिये गये निर्णयों पर विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न बैठकों में संस्तुत एवं अवशिष्ट शैक्षणिक क्रियाकलापों से संबंधित नीतिगत सुझावों को क्रियान्वित किया जाए और वित्त तथा प्रशासकीय संस्तुति विद्वत्परिषद् और प्रबंध मण्डल को विचारार्थ एवं आवश्यक निर्णय हेतु प्रेषित किया जाए।

दिनांक 2.1.2019 को आयोजित छात्रवृत्ति समिति द्वारा पारित संस्तुतियों पर विचार-विमर्श करने के उपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि शास्त्री कक्षा एवं आचार्य कक्षा हेतु निर्धारित छात्रवृत्ति के अनुसार बी.ए. योग एवं एम.ए. योग में प्रविष्ट छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान वित्त समिति एवं प्रबंध मण्डल की स्वीकृति के उपरान्त विद्यापीठ बजट में प्रावधान होने तथा धन राशि की उपलब्धता के अनुसार किया जाए।

**संकल्प संख्या ११.४ केन्द्रीय शोध समीक्षा समिति की बैठकों में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

विद्वतपरिषद् द्वारा शोध समीक्षा समिति की बैठकों में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की गई। विद्वत्परिषद् द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि सभी संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष / मार्गनिर्देशक अपने-अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को यू.जी.सी. विनियम 2016 के संबंध में समय-समय पर जानकारी प्रदान करें ताकि शोध छात्र अपना शोध कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार पूर्ण करे।

**संकल्प संख्या ११.५ जनवरी २०१९ (३१.१.२०१९) तक सम्पन्न विद्यावारिधि छात्रों की वाक् परीक्षा शोधोपाधि समिति द्वारा संस्तुत छात्रों को अस्थाई प्रमाणपत्र जारी करने की पुष्टि।**

विद्वत्परिषद् द्वारा शोधोपाधि समिति द्वारा संस्तुत छात्रों को जारी अस्थाई प्रमाणपत्रों की पुष्टि की गई।

सत्यापित
VERIFIED

रमेश कुमार पाण्डेय

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

**संकल्प संख्या ११.६ दिसम्बर, २०१८ में सम्पन्न शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य, एम.ए.योग, विशिष्टाचार्य, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (सत्र प्रथम, तृतीय एवं पंचम) एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम की पुष्टि।**

परीक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018-19 की दिसम्बर, 2018 में सम्पन्न शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य, एम.ए.योग, विशिष्टाचार्य, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (सत्र प्रथम, तृतीय एवं पंचम) एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों की परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु गठित परीक्षा मण्डल की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। परीक्षा परिणामों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ११.७ शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यापीठ द्वारा लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित करने हेतु प्रवेश संचालन समिति की बैठकों की कार्यवाही की पुष्टि।**

शैक्षणिक सत्र 2019-20 में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में हेतु लिखित प्रवेश-परीक्षा- 2019 आयोजित करने हेतु गठित Steering Committee की समय-समय पर आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णयों पर विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ११.८ राष्ट्रीय शैक्षिक निक्षेपागार (NAD) के माध्यम से प्रमाण-पत्र सत्यापित करने हेतु शुल्क निर्धारित करने हेतु गठित समिति की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।**

विद्वत्परिषद् द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक निक्षेपागार (NAD) के माध्यम से प्रमाण-पत्र सत्यापित करने हेतु शुल्क निर्धारित करने हेतु गठित समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ११.९ शैक्षणिक सत्र २०१७-१८ में विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम में प्रविष्ट छात्रों द्वारा द्वितीय सेमेस्टर में उपस्थिति कम होने के कारण परीक्षा में सम्मलित ना होने के कारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार पुनः द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मलित होने हेतु प्रस्ताव विद्वत्परिषद् की पुष्टि।**

विद्वत्परिषद् द्वारा विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ऐसे सभी छात्र जो विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम के लिये पंजीकृत हुये थे तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी अर्हतायें पूरी करते हो, परन्तु यदि सम्बन्धित सेमेस्टर में नियमावली में दी गयी उपस्थिति प्रतिशत पूर्ण नहीं कर सकें हो तो उसके लिये कक्षा आयोजित करने हेतु तथा उपस्थिति पूर्ण करने का अवसर देने हेतु उनसे पुनः प्रवेश शुल्क (सेमेस्टर/प्रति सेमेस्टर/वार्षिक) तथा 2000 रुपये विशिष्ट व्यवस्था राशि एक सेमेस्टर की फीस 2010+2000=4010 रुपये का शुल्क लेकर पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए कक्षाएं आयोजित करने हेतु नियमावली में प्रस्तावित उपस्थिति की अर्हता पूर्ण करने पर अधिकतम चार सेमेस्टर में पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**संकल्प संख्या ११.१० विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल/पी.एच.डी) डिग्री प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया प्रथम संशोधन विनियम, २०१८ की स्वीकृति।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल/पी.एच.डी) डिग्री प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया प्रथम संशोधन विनियम, 2018 को लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

**संकल्प संख्या ११.११ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पत्र संख्या:-एफ-८१-१/२०१९ (सी.यू.) दिनांक १८ जनवरी, २०१९ के अनुसार प्रेषित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अधिसूचना संख्या:-एफ-१२-०४/२०१९-यू.१, दिनांक १७.०१.२०१९ के अनुसार आर्थिक कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश में १० प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु प्राप्त दिशा -निर्देशों को विद्यापीठ में लागू करने की स्वीकृति।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पत्र संख्या:-एफ-81-1/2019 (सी.यू.) दिनांक 18 जनवरी, 2019 के अनुसार प्रेषित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अधिसूचना संख्या:-एफ-12-04/2019-यू.1, दिनांक 17.01.2019 के अनुसार आर्थिक कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु प्राप्त दिशा -निर्देशों को विद्वत्परिषद् द्वारा विद्यापीठ में शैक्षणिक सत्र 2019-20 से लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या ११.१२ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रवेश उपरान्त शुल्क वापसी, धनराशि वापस करने के संबंध में प्रेषित दिशानिर्देशों को विद्यापीठ में लागू करने की स्वीकृति।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रवेश उपरान्त शुल्क वापसी, धनराशि वापस करने के संबंध में प्रेषित दिशानिर्देशों को विद्वत्परिषद् द्वारा विद्यापीठ में शैक्षणिक सत्र 2019-20 से लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या ११.१३ आचार्य प्राकृत विभाग एवं संकाय प्रमुख शैक्षणिक द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार विद्यापीठ में पाण्डुलिपि एवं अभिलेख शास्त्र का प्रमाण-पत्रीय एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति ।**

पाण्डुलिपि एवं अभिलेख शास्त्र का प्रमाण-पत्रीय एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने से संबंधित प्रस्ताव पर विचार करने के उपरान्त विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में केवल अभिलेख शास्त्र का प्रमाण-पत्रीय पाठ्यक्रम का संचालन स्ववित्तपोषित आधार पर अन्य पाठ्यक्रमों की भाँति प्रारम्भ किया जाय। पाठ्यक्रम का संचालन साहित्य एवं संस्कृति संकाय के अन्तर्गत संचालित किया जाएगा।

**संकल्प संख्या ११.१४ विद्यापीठ द्वारा संचालित नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों के कोड संख्या निर्धारित करने के सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा तैयार विवरण विद्यापीठ में लागू करने की स्वीकृति।**

समस्त पाठ्यक्रमों को कोडिंग व्यवस्था के अनुसार सूचीबद्ध करने हेतु कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति द्वारा विद्यापीठ में चलाये जा रहे पाठ्यक्रमों में दिए गए विषयों का पाठ्यक्रम सहित संकेताक्षर तथा संकेताङ्क (coding) का प्रारूप विद्वत्परिषद् में प्रस्तुत किया गया। जिसको लागू करने के लिए विद्वत्परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या ११.१५ शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा द्वितीय चरण में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।**

शिक्षाशास्त्र संकाय के अन्तर्गत स्थापित शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशिका द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा दिनांक 21.8.2018 से 7.12.2018 तक विभिन्न-विभिन्न विषयों पर 5 कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

सत्यापित
VERIFIED

रमेश कुमार पाण्डेय



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area...

संकल्प संख्या ११.१६ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषय

११.१६ (१) छात्रावासीय संशोधित एवं परिवर्द्धित नियमावली २०१९-२०२० विद्वत्परिषद् की स्वीकृति हेतु।

विद्वत्परिषद् द्वारा छात्रावास आवंटन हेतु तैयार नियमों तथा छात्रावास परिसर में छात्रों में अनुशासन, छात्रावास आवंटन, छात्रावास भोजनालय आदि विषयों आवश्यक कार्यवाही करने हेतु गठित समिति द्वारा संशोधित छात्रावासीय परिचय एवं नियमावली विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**११.१६ (२) योग पाठ्यक्रम संयोजक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार एक माह एवं त्रैमासिक योग पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु विद्वत्परिषद् के विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु।**

संयोजक योग पाठ्यक्रम द्वारा एक माह एवं त्रैमासिक योग पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर शैक्षणिक नियमावली में प्रदत्त प्रावधानों को संज्ञान में लेते हुए विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यह पाठ्यक्रम एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरान्त प्रतिभागियों को विभाग द्वारा (Participation Certificate) जारी किया जाएगा।

**११.१६ (३) शैक्षणिक सत्र २०१९-२० के लिए तैयार शैक्षणिक कैलेण्डर की स्वीकृति हेतु।**

शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 25.1.2019 को आयोजित की गई थी। समिति द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2019-20 में आयोजित की जाने वाली शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार किया गया।

विद्वत्परिषद् के सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए तैयार शैक्षणिक कैलेण्डर को स्वीकृत करने से पूर्व शैक्षणिक सत्र 2018-19 में शैक्षणिक कैलेण्डर में संशोधन करने हेतु पूर्व में गठित समिति द्वारा तैयार शैक्षणिक कैलेण्डर 2018-19 हेतु निर्धारित तिथियों का अवलोकन करने के उपरान्त ही शैक्षणिक सत्र 2019-20 के शैक्षणिक कैलेण्डर में निर्धारित तिथियों का अनुपालन किया जाए। विद्वत्परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए तैयार शैक्षणिक कैलेण्डर में नियमानुसार वांछित संशोधन यदि अपेक्षित हो तो निम्नलिखित सदस्यों की समिति अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर स्वीकृति हेतु कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. रमेश प्रसाद पाठक, संकाय प्रमुख, शिक्षाशास्त्र संकाय | - | अध्यक्ष |
| 2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, विभागाध्यक्ष, ज्योतिष विभाग | - | सदस्य |
| 3. डॉ. सुधांशुभूषण पण्डा, विभागाध्यक्ष, धर्मशास्त्र विभाग | - | सदस्य |
| 4. डॉ. के. अनन्ता, विभागाध्यक्ष, वेदान्त विभाग | - | सदस्य |
| 5. डॉ. एन.पी. सिंह, परीक्षा नियंत्रक | - | सदस्य |
| 6. श्री सुच्चा सिंह, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) | - | संयोजक |

अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्यों को धन्यवाद के उपरान्त शान्ति पाठ से विद्वत्परिषद् की ग्यारहवीं बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

सत्यापित
VERIFIED

(डॉ. अलका राय)
कुलसचिव एवं सचिव

(प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय)
कुलपति एवं अध्यक्ष

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016